कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763 | NAAC GRADE B+
दूरभाष - 07722-238933
फैक्स - 07722-237933

दिनांक 18/08/2025

# ।। स्वाध्यायी (अमहाविद्यालयीन, प्राइवेट) छात्र–छात्राओं के पंजीयन संबंधी सूचना ।।

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) की अधिसूचना क्रमांक/1761/परीक्षा/2025, रायपुर दिनांक 14.08.2025 द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत स्वाध्यायी छात्रों **(बी.ए.,बी.एस.सी.,बी.कॉम. –प्रथम सेमेस्टर)** के पंजीयन के लिए दिनांक 14.08.2025 से 31.08.2025 तक विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाईन पोर्टल ओपेन (OPEN) किया गया है। निर्धारित समयावधि में पंजीकृत स्वाध्यायी छात्रों को ही परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जायेगी। **बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी** के परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होने के इच्छुक स्वाध्यायी (बी.ए.,बी.एस.सी.,बी.कॉम.-प्रथम सेमेस्टर) छात्र-छात्राएँ निर्धारित समयावधि में विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन करवाना सुनिश्चित करें। ऑनलाईन पंजीयन के पश्चात् स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं को **GE, VAC, SEC** के विषय का आवंटन महाविद्यालय द्वारा किया जायेगा। स्वाध्यायी (अमहाविद्यालयीन) छात्र-छात्राओं के रूप में पंजीकृत होने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय द्वारा स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति-2024 के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। अतः समस्त स्वाध्यायी विद्यार्थी महाविद्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

( डॉ.विनोद कुमार पाठक )
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी ( छ.ग. )

कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763 | NAAC GRADE B+ | दूरभाष- 07722-238933 फैक्स - 07722-237933

दिनांक 18/08/2025

# स्वाध्यायी (प्राईवेट) विद्यार्थी पंजीकरण संबंधी आवश्यक :: सूचना::

बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी को परीक्षा केन्द्र के रूप में चयनित करने वाले पंजीकृत स्वाध्यायी ( प्राईवेट ) बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम.प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उन्हें विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीकरण के पश्चात् महाविद्यालय में उपस्थित होकर **दिनांक 01.09.2025 से 05.09.2025 तक पंजीकरण अनुमोदन** ( Approval ) की प्रकिया पूर्ण करना होगा। महाविद्यालय व्दारा पंजीकरण अनुमोदन ( Approval ) के पश्चात् स्वाध्यायी ( प्राईवेट ) विद्यार्थियों को ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क का भुगतान विश्वविद्यालय के पोर्टल पर जाकर करना पड़ेगा तत्पश्चात् स्वाध्यायी ( प्राईवेट ) विद्यार्थी के रूप में पंजीकरण की प्रकिया पूर्ण होगी। स्वाध्यायी ( प्राईवेट ) विद्यार्थी पंजीकरण अनुमोदन के पूर्व VAC एवं GE के विषयों के सूची का अवलोकन महाविद्यालय के सूचना पटल से एवं महाविद्यालय के वेबसाईट से कर लेवें। क्योंकि पंजीकरण अनुमोदन में विषयों का चयन करना पड़ेगा। स्वाध्यायी ( प्राईवेट ) विद्यार्थी अपनी ABC आई.डी. भी बना लेवें।

**महाविद्यालय में पंजीकरण अनुमोदन** ( Approval ) **के पूर्व स्वाध्यायी (प्राईवेट) विद्यार्थी को महाविद्यालय व्दारा निर्धारित प्रारुप में फार्म भरकर महाविद्यालय के निर्धारित काउण्टर में जनभागीदारी शुल्क एवं अग्रेषण शुल्क के साथ जमा करना होगा।** पंजीकरण अनुमोदन प्रकिया के पश्चात् स्वाध्यायी ( प्राईवेट ) विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर जाकर ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क जमा करना अनिवार्य है। स्वाध्यायी ( प्राईवेट ) विद्यार्थी पंजीकरण फार्म में वही मोबाईल नबंर दर्ज करे जिसमें व्हाटसएप चल रहा हो। विस्तृत जानकारी हेतु महाविद्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाईट का अवलोकन करें।

( डॉ.विनोद कुमार पाठक )
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी ( छ.ग. )

कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.com
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com
NAAC GRADE-'B+' | AISHE CODE- C-21763
दूरभाष – 07722-238933
फैक्स – 07722-237933

दिनांक 19 / 08 / 2025

# :: सूचना ::

## पूरक परीक्षा 2025 की समय–सारणी जारी

प.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर छ.ग.के पत्र कमांक/1759/परीक्षा/पूरक/समय–सारणी/2025 रायपुर दिनांक 14.08.2025 व्दारा पूरक परीक्षा 2025 की समय–सारणी विश्वविद्यालय व्दारा घोषित कर दी गई है। घोषित समय–सारणी के अनुसार विश्वविद्यालयीन पूरक परीक्षा 2025 में स्नातक स्तर के बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम./बी.एस.सी. होम सांईस एवं बी.सी.ए भाग–एक, दो, तीन के पूरक की पात्रता प्राप्त परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। विश्वविद्यालय व्दारा घोषित समय–सारणी के अनुसार बी.एस.सी. ,बी.एस.सी.होम सांईस, बी.सी.ए. एवं बी.कॉम भाग–दो एवं तीन की परीक्षा प्रथम पॉली में प्रातः 08:00 बजे से प्रातः 11:00 बजे तक आयोजित होगी। बी.ए.भाग–दो एवं तीन की परीक्षाएं व्दितीय पॉली में प्रातः 01:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक आयोजित होगी। पूरक परीक्षा 2025 दिनांक 01.09.2024 से प्रारंभ होकर दिनांक 19.0.2025 तक चलेगी। परीक्षा केन्द्र कमांक–401 ,बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,धमतरी में बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,धमतरी/शासकीय एन.आर.एम. कन्या महाविद्यालय, धमतरी/महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय, भखारा/ शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी/छ.ग. महतारी महाविद्यालय, भखारा/ जेनेसिस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, धमतरी/ वंदेमातरम् महाविद्यालय, धमतरी/ कॉम्पटेक महाविद्यालय, धमतरी के पूरक की पात्रता प्राप्त परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षाएं विश्वविद्यालय की समय–सारणी के अनुसार संचालित होगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि एव समयावधि में महाविद्यालय में प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होवें। विस्तृत जानकारी के लिए परीक्षार्थी महाविद्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाईट का अवलोकन करें।

(डॉ.विनोद कुमार पाठक)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला–धमतरी (छ.ग.)